
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘कई लोगों की नींद हराम कर देगा आज का इवेटं, जहां मैसेज जाना था पहुंच चुका है’, केरल मे बोले पीएम मोदी।

Publisher Published on 02 May 2025



**प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी केरल मे विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह के उद्घाटन कार्यक्रम मे पंहुचे. उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी का बिना नाम लिए तंज कसा.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया. उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज का ये इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हुए. पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान गौतम अडाणी का भी जिक्र किया.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ”यहां सीएम विजयन भी बैठे हैं, ये तो इंडिया गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं. शशि थरूर बैठे हैं. आज का ये इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा. जहां मैसेज जाना था चला गया है.” उन्होंने कहा, ”आज भगवान आदि शंकराचार्य जी की जयंती है. तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्रम में जाने का सौभाग्य मिला था. केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया. मैं उन्हें नमन करता हूं.”

### पीएम मोदी ने गौतम अडाणी का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कसा. उन्होंने गौतम अडाणी का जिक्र करते हुए कहा, ”यहां गौतम अदाणी भी मौजूद थे. अडाणी ने जितना अच्छा पोर्ट यहां बनाया है उतना अच्छा पोर्ट तो गुजरात में भी नहीं बनाया था.”

### 8800 करोड़ की लागत से बना है विझिनजाम पोर्ट

विझिनजाम पोर्ट को करीब 8800 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है. इसकी ट्रांसशिपमेंट हब क्षमता आने वाले टाइम में तीन गुना होगी. इसे बड़े कार्गो जहाजों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है. पीएम मोदी ने कहा, ”अब तक भारत की 75% ट्रांसशिपमेंट

गतिविधियाँ विदेशी बंदरगाहों पर होती थीं, जिसके परिणामस्वरूप देश को काफी राजस्व नुकसान होता था. हालांकि, अब यह स्थिति बदलने वाली है. पहले विदेशों में खर्च होने वाला धन अब घरेलू विकास में लगाया जाएगा, जिससे विझिनजम और केरल के लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा होंगे."

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.